Title: Demand to grant permission to open a Medical College at Bilaspur, Chhattisgarh.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय द्वारा मेडिकल कालेज खोलने की स्वीकृति देने हेतु अनुरोध करना चाहूंगा। बिलासपुर में मेडिकल कालेज खोलने के लिए गुरु घासीदास विश्वविद्यालय ने समस्त औपचारिकताएं पूरी करके केन्द्र सरकार के पास भेजी थी। केन्द्र सरकार ने वहां ऑल इंडिया मेडिकल कौंसिल को कालेज खोलने हेतु अध्ययन दल भेजा।

अध्ययन दल ने खोलने हेतु उचित पाया उसकी रिपोर्ट दे दी है। यह अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है। इन लोगों को स्वास्थ्य सुविधा तथा अन्य बीमारियों में देखरेख करने के लिये कोई व्यवस्था नहीं है। अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि बिलासपुर में एक मैडिकल कालेज खोले जाने की स्वीकृति दी जाये।